# Gujarat Gas Limited and Bharat Petroleum Corporation Limited Join Forces to Expand Offerings



In a landmark move aimed at enhancing the accessibility and range of energy solutions for consumers Gujarat Gas Limited (GGL) and Bharat Petroleum Corporation Limited (BPCL) have entered into a Memorandum of Understanding (MOU). This strategic partnership marks a significant milestone in the energy sector, bringing together two leading entities to offer a comprehensive suite of products and services to customers across the state. MOU was signed by Shri Sachin Kulkarni (State Head, Retail Gujarat, BPCL) and Shri Dipen Chauhan (Head - Industries & CNG, GGL). Under the terms of the MOU, GGL and BPCL will collaborate on various fronts to streamline operations and improve service delivery: · Provision of Liquid Fuels: This collaboration entails offering liquid fuels, including petrol and diesel, alongside BPCL's allied petroleum products such as automotive lubricants, greases, and specialties, at select GGL outlets. Through this initiative, both companies aim to cater to the evolving needs of consumers by providing a diversified range of energy solutions readily accessible through GGL's extensive network of outlets. · Supply of Automotive Lubricants: BPCL will supply automotive lubricants, greases, and specialties for sale at both GGL's COCO (Company Owned Company Operated) and franchise outlets. This joint endeavour underscores the commitment of both companies to enhance customer experience by offering high-quality products and services at various touchpoints. Expansion of CNG Infrastructure: 1. Setting up of CNG Facility at BPCL COCO Outlets: BPCL agrees to explore the possibility of setting up CNG facilities at its COCO outlets in line with GGL's Full Dealer Owned Dealer Operated scheme (FDODO scheme). 2. Setting up of CNG Mother Facility at BPCL Outlets: BPCL agrees to offer its outlets for setting up of Mother Facility for CNG Dispensing.

TIMES OF INDIA, Delhi, 12.3.2024
Page No. 4, Size:(6.81)cms X (13.47)cms.

# Advanced labs of weights & measures dept to save time

Times News Network

**New Delhi:** Delhi govt's east Delhi complex of weight and measures department, which is being equipped with advanced laboratories to save time consumed in procuring necessary verification, stamping and calibration of the weights and measuring instruments, has become operational. It was inaugurated at Vishwas Nagar by minister Imran Hussain on Monday.

In future, the facility will also have provisions for auto meter recalibration. Currently, it is being done only at the taxi meter unit in Wazirpur, said a senior official. The meter recalibration takes months even after fare revision in Delhi.

The building spans a total built-up area of 763.7 square metres, with each floor covering 190.8 square metres with four storeys. It is equipped with air conditioning and an electric lift, said the official.

The minister said that the building would now work as the headquarters of the legal metrology department. The new office complex will also have two zonal offices and state-of-art labs and instruments.

A senior official said, "The commencement of the functioning of the new legal metrology office at Vishwas Nagar will bring huge relief to the people of Delhi, especially those living in East and North East Delhi, as the applicants will save a lot of time and effort in getting the necessary verification, stamping and calibration of devices done for calibration of the weights and measuring instruments and devices."

Legal metrology department controller Pankaj Kumar said that the department was engaged in regulating use of correct weighing and measuring instruments in production, trade and commerce to ensure that exact weight, measure and number of any commodity was provided to customers as contracted for, or paid for by them.

"The department should also ensure that the people of Delhi get the accurate measure of petrol, CNG and all packaged commodities," said the minister.

TIMES OF INDIA, Delhi, 12.3.2024
Page No. 4, Size:(14.82)cms X (15.28)cms.

# Fuelling Progress: DDA Gives 41 Villages 24x7 PNG Access

## More Development Work Worth ₹383Cr Planned In 178 Areas


Vibha.Sharma@timesgroup.com

**New Delhi:** Union home minister Amit Shah inaugurated piped natural gas access in 41 villages along with development projects in a number of villages in the capital on Saturday.

"Today is an important day for villages in Delhi as they will now get a smooth supply of cooking gas 24x7 at an economical rate. They won't have the tension of having to book or face delayed supply of cylinders," said Shah. "We are also laying the foundation stones of development works in 178 villages to improve the services and the standard of living of the residents there."

During the event, Shah had conversations with several villagers through video conferencing.

The development projects will be executed by Delhi Development Authority under the central govt's Dilli Gramodaya Abhiyan. The aim is to develop and create necessary infrastructure in the urbanised villages and new urban areas, for which DDA has been granted Rs 960 crore. The PNG network, implemented by Indraprastha Gas Limited at a cost of Rs 20 crore, is spread across a 100 sq km area.



**AMIT SHAH SAYS**

**Today is an important day for villages in Delhi as they will get a smooth supply of cooking gas 24x7 at an economical rate and without any tension of prior booking or delay**

Shah said that the funds lying unused with the Delhi govt's revenue department for many years had been recently transferred to DDA at the insistence of lieutenant governor VK Saxena. "It was only after Saxena took over as LG that development works in villages accelerated. In a record time of just three months in the current fiscal, projects worth Rs 383 crore have already been sanctioned in the villages," claimed the Union home minister.

The projects to be undertaken under the Dilli Gramodaya Abhiyan include construction and improvement of roads, drains, footpaths and central verges, creation of sewage treatment plants, sewage pumping stations, rainwater harvesting, development and maintenance of ponds and waterbodies, development of parks, playground and sports facilities, village library, community halls and cattle care centres.

LG and Union petroleum and natural gas minister Hardeep Puri were also present at the event on Monday, which was also attended by villagers of Delhi.

"Before finalising the works to be done in 178 villages, I asked the district magistrates to stay in these villages and understand the issues that the people there had. Also, to make these villages financially stable in the future, 5,000 saplings of sandalwood, 1,000 saplings of grapes and 5,000 saplings of guava were provided to the villages," said Saxena.

Meanwhile, launching a scathing attack on the opposition parties prior to the Lok Sabha elections, Shah claimed that BJP had fulfilled all assurances it has promised to people. "But that's not the case with Delhi CM Arvind Kejriwal and AAP party. The CM said that he would never join politics, become CM and never stay in a govt accommodation or receive benefits. Contrary to these claims he is enjoying all these benefits," claimed Shah. "Not just that, AAP has joined hands with Congress in the Lok Sabha elections when it had been levelling corruption allegations against that party. Their ministers are being discovered involved in scams and some have even landed in jail on corruption charges."

Reacting to Shah's allegations, AAP, in a statement, said on Saturday that while it was focusing on people-centric issues, BJP was stalling welfare schemes in Delhi. "Delhi's people have shown their preference for AAP thrice in the Vidhan Sabha elections and in MCD elections in 2022. Delhi has seen BJP's tactics of bringing in new faces before elections to avoid accountability to the people. Where were the BJP MPs when the rights of the citizens of Delhi were snatched through the GNCTD Act?" the statement said.

ECONOMIC TIMES, Delhi, 12.3.2024
Page No. 10, Size:(4.47)cms X (21.71)cms.

# Jio-BP, Nayara, Shell Unable to Regain Pre-2022 Market Share

## Retailers' combined mkt share in petrol sales was 8.7% in Feb, compared to 10% in same month of '22

**Sanjeev.Choudhary**@timesgroup.com

**New Delhi:** Private sector fuel retailers Jio-BP, Rosneft-backed Nayara Energy and Shell haven't yet been able to fully regain the market share they gave up in 2022 after the beginning of the Russia-Ukraine war that triggered a turmoil in the global oil market and made domestic fuel sales loss making for some time.

The three private sector retailers had a combined market share of 8.7% in petrol sales in February, lower than 10% in the same month of 2022, according to industry data. For diesel, their share was 9.3% as against 10.8% two years earlier. Their share, however, is up from last year's 7.4% in petrol and 4.9% in diesel.

**In two years, private players have added just about 350 fuel stations while state companies built 7,000 new fuel stations**

The market share for all three private companies is lower than their respective shares two years ago in both petrol and diesel.

Nayara Energy leads the private players, accounting for more than half of their combined sales. Nayara also operates the largest network of petrol pumps among private retailers. It has 6,590 pumps while Jio-BP, the joint venture of Reliance Industries and BP, operates 1,700 pumps, according to the oil ministry data. Shell has just 340 fuel stations and less than 1% share in domestic sales of petrol and diesel.

Private retailers operate 8,630 pumps, about 10% of the nation's 89,000 pumps. State-run companies operate the balance. In two years, private players have added just about 350 fuel stations while state companies built 7,000 new fuel stations.

Private players have been slow to expand, which is one reason contributing to their slower market share growth, said an industry executive. But the bigger reason they have not been able to fully recover their market share quickly is that their pricing or other offers to customers are being increasingly matched by state companies, he added.

FINANCIAL EXPRESS, Delhi, 12.3.2024
Page No. 3, Size:(2.58)cms X (14.47)cms.

# CNG price cuts may not impact profits of MGL, IGL

ARUNIMA BHARADWAJ
New Delhi, March 11

**THE RECENT REDUCTION** in compressed natural gas (CNG) prices by city gas retailers in Delhi and Mumbai — Indraprastha Gas (IGL) and Mahanagar Gas (MGL), respectively — are unlikely to impact the margins and profitability of these companies, according to analysts.

The price cuts have been in line with the softening of the spot LNG (liquefied natural gas) prices and would hardly pinch CGD companies' margins, ICICI Securities said in its latest report. Last week, both MGL and IGL announced a cut of ₹2.5 per kg in the retail prices of CNG. Prices of LNG have currently been trading below $9 per MMbtu against the average price of $15.2 per MMbtu in the third quarter of the current financial year.

"IGL's gross margin is likely to see upside risk to our FY25E of ₹13.6 per scm (standard cubic meter) and MGL should see little impact against our estimates of ₹19.2 per scm," the analysts at ICICI Securities said. On the contrary, the brokerage firm expects the price reduction to boost the volume of CNG vehicles. "After these cuts on CNG prices, CNG trades at approximately 50% discount to petrol and around 40% to diesel.

These should help boost CNG vehicle conversion and drive volume momentum." Moreover, new competition may find it difficult to enter the Maharashtra Metropolitan Region.

HINDUSTAN TIMES, Delhi, 12.3.2024
Page No. 23, Size:(6.35)cms X (10.79)cms.

# PM inaugurates two flagship pipeline projects



Prime Minister inaugurates two flagship pipeline projects of Oil India, the Maharatna CPSE, witnessed a momentous occasion as the Prime Minister of India, Narendra Modi inaugurated two flagship pipeline projects of the company in an august ceremony held at Jorhat, Assam.

BUSINESS STANDARD, Delhi, 12.3.2024
Page No. 12, Size:(52.77)cms X (16.71)cms.

THE COMPASS

# Attractive valuations of city gas distributors after recent price fall

## Domestic gas consumption in CGD declined to 26.5 mscmd in Jan

DEVANGSHU DATTA

Recent price cuts by city gas distribution (CGD) companies and a statement issued by the petroleum minister citing high profits have had a negative impact on sentiment about the sector. It has resulted in sharp dips in the share prices of Mahanagar Gas (MGL), Indraprastha Gas (IGL), and Gujarat Gas.

However, the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board (PNGRB) has subsequently clarified that it does not intend to regulate CGD margins. Also, there has been a fall in liquefied natural gas or LNG prices, which is being passed on in the price cuts. As a result, we could make a case that the market has overreacted.

Low spot LNG prices partially offset the under-allocation of low-cost Administered Price Mechanism (APM) gas for CNG/domestic piped natural gas (PNG) segment and improves the competitiveness of gas versus alternative liquid fuels. This is likely to boost domestic LNG demand.

The total CGD demand is flat month on month as the reduction in APM allocation has been offset by higher LNG consumption. January 2024 consumption was 37.5 million standard cubic metre per day (mscmd) vs 38.1 mscmd in December last year.

Domestic gas consumption in CGD declined to 26.5 mmscmd in January (vs 28 mscmd on December 23 and a peak of 30.2 mmscmd in October 2023) due to the reduction in administered price mechanism allocation. But LNG consumption rose to 11.1 mscmd in January this year vs 10.2 mscmd in December. This is still lower than historical LNG consumption of 13-15 mmscmd due to an incremental allocation of HPHT (High pressure high Temperature) gas.

MGL and IGL announced price cuts of ₹2.5/kg each based on lower LNG prices which are now trading below $9/million British thermal unit (mBtu) (the Jan-Feb average was $9.2/mBtu) and versus an average of $15.2/mBtu in Q3FY24. The cuts will not really impact margins for CGDs. Gujarat Gas has also reduced Morbi industrial prices by ₹3.9/standard cubic metre (scm) to pass on lower LNG prices. At retail, CNG still trades at a 50 per cent discount to petrol (roughly 40 per cent discount to diesel) which is very comfortable for the vehicle sector.

The Maharashtra State Transport (MSRTC) plans to add 800 CNG buses which will drive volume growth for MGL.

While there may be margin compression through FY25 and FY26, the valuations are below historical levels.

For IGL, the impact of the electric vehicle policy in Delhi (50 per cent of new 4-wheeler registrations have to be EVs by year 3 and 100 per cent by year 5, and all vehicles by April 2030) cannot be minimised. This is significant as it would impact growth in the long term. Nevertheless, there is some upside from current price levels, according to analysts.


Gujarat Gas has higher valuations which implies it may be more richly valued. Volatility in propane prices and lower return ratios due to high capex are overhangs for the company.

The PNGRB said MGL's Mumbai monopoly ended in April 2021 but new entrants who ride the network, if any, cannot market at stations where MGL already dispenses, and there are pending court cases about the matter, which could hold up open access.

Also, the monopoly could be extended by up to ten more years, going by precedents. MGL remains debt-free with cash of over ₹200 crore on the balance sheet. It has completed the Unison Enviro (UEPL) acquisition in three geographical areas in Maharashtra and Karnataka.

The threat of EVs is real in the long-term but it may take a while to come through. The complaints about high margins may be election-related campaigning.

In the meantime, CNG remains at an attractive discount versus petrol/diesel. Analysts seem somewhat divided on the sector but there are buy calls on MGL, IGL, and Gujarat Gas, as well as sell calls. The price corrections make valuations look attractive in the medium term.



Source: Exchange
Compiled by BS Research Bureau

BUSINESS STANDARD, Delhi, 12.3.2024
Page No. 6, Size:(13.51)cms X (20.95)cms.

## UTTAR PRADESH

# ₹5,000 crore for green hydrogen production

**VIRENDRA SINGH RAWAT**
Lucknow, 11 March

The Uttar Pradesh (UP) government has earmarked an incentive and financial support package of ₹5,000 crore to catalyse the production of green hydrogen for industrial, petrochemical, and transportation sectors.

In its UP Green Hydrogen Policy 2024, the state is aiming to produce 1 million tonne (mt) of green hydrogen annually, which would create about 120,000 job opportunities by 2028. The policy, recently approved by the Yogi Adityanath Cabinet, will support startups dedicated to green hydrogen research and production. "Under the new policy, the state will provide a financial aid of ₹25 lakh per startup annually for five years," a UP government official said. The policy is aimed at minimising carbon emission and contributing towards achieving India's 'net-zero' commitment by 2070.



Currently, the state fertiliser and petrochemical industry uses grey hydrogen, produced with natural gas or methane, which is carbon-emitting. The state decided to promote green hydrogen as a cleaner alternative.

After inaugurating a compressed biogas (CBG) plant of Indian Oil in Gorakhpur on March 8, Union Petroleum and Natural Gas Minister Hardeep Singh Puri had lauded the UP government's policy for its potential to attract investment in the green hydrogen projects.

BUSINESS LINE, Delhi, 12.3.2024
Page No. 11, Size:(2.99)cms X (4.01)cms.

# US-bound ship from Sikka port hits BPCL facility

**New Delhi:** Oil tanker Hafnia Seine bound for the US from Sikka port hit Bharat Petroleum Corp's (BPCL) crude import facility in an accident late on Sunday, according to sources . The tanker was carrying gasoline-blending fuel known as alkylate for Reliance Industries' US unit from a refinery in Jamnagar REUTERS

BUSINESS LINE, Delhi, 12.3.2024
Page No. 10, Size:(2.99)cms X (6.39)cms.

# Crude oil prices fall on China demand worries




**Tokyo/New Delhi:** Crude oil prices extended last week's losses on Monday on concern about slow demand in China, although lingering geopolitical risk surrounding the Middle East and Russia limited the decline. Brent futures fell 55 cents, or 0.7 per cent, to $81.53 a barrel at 0405 GMT, while U.S. West Texas Intermediate dropped 57 cents, or 0.7 per cent, to $77.44. REUTERS

BUSINESS LINE, Delhi, 12.3.2024
Page No. 3, Size:(12.82)cms X (16.47)cms.

# India's crude imports from Russia up for second straight month in Feb

**Rishi Ranjan Kala**
New Delhi

India's crude oil imports from Russia appreciated for the second consecutive month in February hitting 1.54 million barrels per day (mb/d), accounting for around 33 per cent of the cumulative inbound shipments, aided by rising supply of Urals.

According to energy intelligence firm Kpler, India's crude oil imports from Russia rose marginally by 0.7 per cent m-o-m. However, on an annual basis, the shipments fell by more than 16 per cent from 1.84 mb/d clocked in February 2023.

Russia's flagship grade, Urals, which accounts for a major part of oil cargoes from the erstwhile Soviet Union, also rose for the second consecutive month in February. The cargoes rose 12 per cent m-o-m to 1.195 mb/d, but declined by 3 per cent y-o-y.

Viktor Katona, Kpler's Lead Crude Analyst, told *businessline*: "Indian imports of Russian crude came in at 1.54 mb/d in February, some 50,000 barrels per day (kb/d) higher compared to January and marking the second straight m-o-m increase for India's refiners."

Overall, India's crude oil imports stood at around 4.7 mb/d in February 2024, against 4.8 mb/d in January 2024 and 4.4 mb/d in December 2023.




**KEY SUPPLIER**

- Indian imports of Russian crude stood at 1.54 mb/d in February
- Overall, India's crude oil imports stood at around 4.7 mb/d in February, against 4.8 mb/d in January and 4.4 mb/d in December 2023

## URALS SHIPMENTS UP

India being by far the largest buyer of Urals globally, the flow of the medium sour grade has been remarkably consistent over the past six months, trending around 1.1-1.2 mb/d, he added.

"In February, it (Urals) moved to the upper limit of that range, the highest import figure since October (2023) for Urals," Katona explained.

Shipments from Russia continued via the Red Sea route without any major issues.

"The past months' consistent figure of 1.5 mb/d Indian imports passing through Red Sea remains unchanged, despite widespread Red Sea diversions, supply into India sees no change. All of this is coming from Russia flows that have found a new equilibrium in the 1.5-1.6 mb/d range. Urals deliveries to India are trending sideways around 1.1-1.2 mb/d, minimal change from one month into another," Katona explained.

India also imported 97,229 barrels per day (b/d) of Sokol in February, after the world's third largest crude oil importer did not procure any cargoes of the light sweet crude grade during December 2023 and January 2024.

"When it comes to Sokol, the main point of contention between Indian buyers and Russian sellers lately, there were four delivered Sokol cargoes from Sakhalin totalling 100,000 b/d, however not a single one to the usual buyer, Indian Oil Corporation (IOC).

"Hindustan Petroleum Corporation (HPCL) bought three of those, two into Visakhapatnam and one into Mumbai, whilst the remaining one went to Nayara (Energy). Before February, the last Sokol delivery was on November 23, 2023, so there's a partial recovery in flows after the IOC-Rosneft standoff," Katona said.

## MORE SUPPLIES IN MARCH

When asked about the impact of sanctions on Russia by the US and drone attacks on Russian refineries, Katona said the drone strikes on refineries have first and foremost curbed domestic refinery runs leaving Russian exporters with more crude to export into international markets.

"That is still yet to happen because it takes time until the barrels reach export terminals from producing oil fields in Siberia, however we expect March exports to be strong, especially considering (Russia) only needs to start cutting production along its OPEC+ voluntary commitments from Q2 (April-June 2024) onwards. Seeing the February exports from Russian ports, assuming they mostly arrive in India across March, I see the same 1.1-1.2 mb/d of exports on the Urals side, so that side of the equation looks robust," he added.

MILLENNIUM POST, Delhi, 12.3.2024
Page No. 3, Size:(12.94)cms X (13.23)cms.

# Amit Shah inaugurates PNG connections to 41 villages in Delhi


OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** Union Minister for Home Affairs, Amit Shah inaugurated the PNG facility for 41 villages, under the 'Dilli Gramodaya Abhiyan' at Yashobhoomi, Dwarka Sector 25, on Monday.

The Dilli Gramodaya Abhiyaan was introduced in 2023 when Rs 960 crores worth of funds had been transferred to the Delhi Development Authority (DDA) to develop necessary infrastructure in the urbanised villages of Delhi.

The fund is supposed to identify and address requirements of civic amenities and implement them, tailored according to the local needs of the villages.

The PNG supply inaugurated on Monday spans across 41 villages through 100 km of pipeline network at an estimated cost of Rs 20 crores by Indraprastha Gas Limited (IGL). The first PNG pipeline was laid in Jaunti village, across a 7-acre land. Additionally, other development work has commenced in 178 villages worth Rs 383 crores.


Union Home Minister Amit Shah

"The works that are being undertaken under the Dilli Gramodaya Abhiyan are construction and improvement of roads, drains, footpaths, and central verges, along with horticulture work, provisioning of sewage treatment plants (STPs) and decentralised sewerage treatment plants (DSTPs), sewage pumping stations (SPSS), rainwater harvesting, development and maintenance of ponds and water bodies, development of parks, playground and sports facilities, village library, community halls, and cattle care, among others," informed the DDA.

The PNG supply inaugurated on Monday spans across 41 villages through 100 km of pipeline network at an estimated cost of Rs 20 crores by Indraprastha Gas Limited (IGL)

The occasion was also attended by Union Minister of Housing and Urban Affairs, Hardeep Puri, and Lieutenant Governor of Delhi, V K Saxena.

NAVBHARAT TIMES, Delhi, 12.3.2024
Page No. 2, Size:(21.22)cms X (14.64)cms.

### यशोभूमि से गृह मंत्री ने 41 गांव में PNG सप्लाई की शुरुआत की

# लोकसभा चुनाव: अमित शाह ने भ्रष्टाचार पर कांग्रेस-AAP गठबंधन पर साधा निशाना

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**बीजेपी के** वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली समेत कुछ अन्य राज्यों में हुए दोनों पार्टियों के गठबंधन को टारगेट करते हुए शाह ने एक तरफ 'आप' के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर कई सवाल दागे, तो वहीं कांग्रेस के शासन काल में हुए कथित घोटालों का भी जिक्र किया।




अमित शाह के साथ हरदीप सिंह पुरी, एलजी वी के सक्सेना भी मौजूद रहे

शाह ने कहा कि जिस कांग्रेस को गाली देकर केजरीवाल सत्ता में आए थे और जनता से कहा था कि हम भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगे, उन्होंने न केवल खुद भ्रष्टाचार किया, बल्कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार को स्वीकृति देने का काम भी किया। उन्होंने कहा कि आप कितने भी नियम नीति छोड़कर गठबंधन कीजिए, आएगा तो मोदी ही और 400 पार करके तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। आप चाहे कांग्रेस के साथ जाओ या कांग्रेस में मर्ज हो जाओ, कोई फर्क नहीं पड़ता, जीरो और जीरो मिलकर भी जीरो ही होता है।

शाह ने कहा कि राजनीति में दो प्रकार के लोग होते हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो कहते हैं वो करते हैं और एक ही टर्म में पूरा करते हैं। दूसरी ओर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। उन्होंने जो-जो कहा, वो कभी नहीं किया। अन्ना आंदोलन के समय वो कहते थे कि हम कभी राजनीति में नहीं जाएंगे, लेकिन उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बना ली। अन्ना वहीं के वहीं बैठे हैं, लेकिन वो मुख्यमंत्री बन गए। केजरीवाल ने कहा था कि मैं कभी मुख्यमंत्री नहीं बनूंगा, लेकिन तीन बार मुख्यमंत्री बने। उन्होंने पूरा चुनाव कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ा, लेकिन आज मोदी के सामने लड़ने के लिए कांग्रेस की गोदी में बैठकर कांग्रेस के भ्रष्टाचार की वाहवाही कर रहे हैं। हलफनामे में कहा था कि कोई वीवीआईपी सुविधा नहीं लेंगे, लेकिन सरकारी बंगला, गाड़ियां, सुरक्षा ली और जो बंगला मिला था, करोड़ों रुपये खर्च करके उसकी जगह शीशमहल बनवाया। जिस जनलोकपाल बिल के लिए आंदोलन किया था, उसकी धज्जियां उड़ाने का काम किया। शीला दीक्षित के भ्रष्टाचार पर चुप्पी साध ली और अब भ्रष्टाचारी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन करके दिल्ली में फिर से भ्रष्टाचार की गंगा बहाने का काम कर रहे हैं। एनजीओ से मुख्यमंत्री तक का इनका सफर वादाखिलाफ और सार्वजनिक रूप से बार-बार झूठ बोलने से भरा है।

शाह ने कहा कि अगर हम कांग्रेस के भ्रष्टाचार की बात करें, तो उसके घोटालों की लंबी फेहरिस्त है। उन्होंने दिल्ली के कथित शराब घोटाले का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी राज्य का शिक्षा मंत्री शराब घोटाले में जेल गया है। जिनका काम शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना था, उन्होंने शराब का प्रचार-प्रसार किया। इसी वजह से आज मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जैसे नेता आज जेल में हैं और केजरीवाल जवाब देने के लिए जाते नहीं हैं। इतने घोटाले करने वाले खुद को कट्टर ईमानदार कहते हैं।

## दिल्ली ग्रामोदय अभियान

■ **विस, नई दिल्ली** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यशोभूमि से 41 गांवों में पीएनजी की सप्लाई शुरू की। डीडीए इस समय दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत दिल्ली के 178 गांव में विकास के कार्य कर रहा है। इन प्रोजक्ट पर कुल 383 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस मौके पर यूनियन मिनिस्टर हरदीप सिंह पुरी, एलजी वी के सक्सेना भी मौजूद रहे।

दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत अभी तक सड़कों का निर्माण व सुधार, नाले, फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज आदि का काम हो रहा है। इसी कड़ी में आज 41 गांवों में पीएनजी सप्लाई शुरू की गई है। आईजीएल यहां 100 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डाल रहा है और इस काम में 20 करोड़ रुपये की लागत आएगी। आईजीएल अभी तक 1.5 मिलियन घरों में 11000 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क से पीएनजी की सप्लाई कर रहा है। आईजीएल ने सभी शहरी क्षेत्र कवर कर लिए हैं और अब वह ग्रामीण एरिया में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहा है।

DAINIK JAGRAN ( JAGRAN CITY ), Delhi, 12.3.2024
Page No. 1, Size:(20.35)cms X (12.04)cms.

# दिल्ली देहात की महिलाओं को सिलेंडर से मिली आजादी

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली :** द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के गांवों में पीएनजी पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस की आपूर्ति की योजना का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुभारंभ किया। समारोह में उन्होंने इस योजना की लाभार्थी महिलाओं से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। सभी महिलाओं ने इस पहल के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि सिलेंडर से आजादी का यह अवसर उनके जीवन में काफी अहम स्थान रखता है।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान ही केंद्रीय गृह मंत्री से संवाद करने वाली महिलाओं की रसोई में उसी समय कनेक्शन प्रदान किया गया। खिड़की गांव की नीलम ने गृह मंत्री को बताया कि पहले सिलेंडर खत्म होने पर उन्हें बुकिंग कराकर उसका इंतजाम करना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब सिलेंडर का झंझट खत्म हो गया। जौंती गांव की कृष्णा ने कहा कि उनके गांव में कुछ दिन पूर्व उपराज्यपाल ने दौरा किया था। तब उपराज्यपाल ने सभी को आश्वासन दिया था कि गांव में जरूरी सुविधाओं का विकास होगा। इसमें पीएनजी की सुविधा भी थी। अब जब यह सुविधा शुरू हो चुकी है तो काफी अच्छा लग रहा है। कृष्णा ने कहा कि उनकी जानकारी में पीएनजी एलपीजी सिलेंडर से सस्ता पड़ता है। इससे बचत तो होगी ही, साथ ही अब इस चिंता से भी उन्हें मुक्ति मिल गई कि सिलेंडर खत्म होने पर क्या होगा।

जाफरपुर गांव की दीपिका ने कहा कि पीएनजी लाइन उनकी रसोई तक पहुंच गई। इससे इतनी खुशी है कि बयां करना मुश्किल है। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस पर दीपिका से कहा कि जैसे नल से पानी आता है, वैसे ही अब घरों में रसोई गैस की आपूर्ति होगी। दीपिका ने गृह मंत्री को यह भी बताया कि छोटी सी रसोई में सामान रखने के लिए जगह कम पड़ती थी, लेकिन अब सिलेंडर वाली जगह बचेगी, जिससे रसोई को व्यवस्थित करना आसान होगा।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से संवाद करती जाफरपुर गांव की दीपिका • वीडियो ग्रैब

- अमित शाह ने लाभार्थी महिलाओं से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया संवाद
- दिल्ली के गांवों में पीएनजी पाइपलाइन से रसोई गैस आपूर्ति की हुई शुरुआत
- महिलाओं ने कहा, अब सिलेंडर खत्म होने का नहीं रहेगा डर

NAVODYA TIMES, Delhi, 12.3.2024
Page No. 11, Size:(21.88)cms X (30.94)cms.

# 41 गांवों में PNG आपूर्ति शुरू

## 400 से अधिक सीटें जीतेंगे : शाह

**■ कहा, जिस पर आप ने आरोप लगाया था, उसी की गोद में बैठ गए**

नई दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसी): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के 41 शहरीकृत गांवों में पीएनजी आपूर्ति सहित अन्य विकास कार्यों की शुरुआत की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, उपराज्यपाल वीके सक्सेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शाह ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन की आलोचना करते हुए दावा किया कि गठबंधन सफल नहीं होगा। जिस पर आप ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था, उसी से मिल गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 400 से अधिक सीट के साथ सत्ता में लौटेंगे। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शाह ने कहा, राजनीति में दो तरह के लोग होते हैं - एक वे जो जैसा कहते हैं, उसे पूरा करते हैं और दूसरे जो इसके विपरीत करते हैं। दोनों प्रकार के लोग दिल्ली में मौजूद हैं। एक तरफ नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, जिन्होंने (केजरीवाल) जो कहा, वैसा कुछ नहीं किया।




## 15 लाख घरों तक पहुंची गैस

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा 20 करोड़ रुपए की लागत से 100 किमी पाइपलाइन नेटवर्क का प्रसार कर दिल्ली के 41 गांवों में पाइप्ड नैचुरल गैस की आपूर्ति भी शुरू की गई है। बताया गया कि भारत सरकार राष्ट्रीय राजधानी में हरित ऊर्जा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि PNG सुरक्षित, सस्ती और पर्यावरण के अनुकूल है। दिल्ली में IGL 15 लाख घरों तक पहुंच चुका है, जिसके लिए 11000 किमी पाइपलाइन नेटवर्क बिछाया गया है। IGL ने सभी शहरी क्षेत्रों को कवर कर लिया है और अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने नेटवर्क का विस्तार कर रही है।



## 'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत हो रहे कार्य

'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत सड़कों, नालों, फुटपाथों और केंद्रीय मार्गों का निर्माण और सुधार, बागवानी कार्य के साथ-साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज पंपिंग स्टेशन, वर्षा जल संचयन का प्रावधान, तालाबों और जलाशयों का विकास और रखरखाव, पार्कों का विकास, खेल के मैदान और खेल सुविधाओं, ग्राम पुस्तकालय, सामुदायिक हॉल का निर्माण और मवेशियों की देखभाल जैसे काम किए जा रहे हैं।


RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 12.3.2024
Page No. 5, Size:(27.37)cms X (11.27)cms.

# 41 गांवों को मिली पीएनजी की सुविधा : अमित शाह

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ग्रामीण इलाकों में घर-घर पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा पहुंचाने की सुविधा का लोकार्पण किया। दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत 383 करोड़ की लागत वाली की इस योजना से फिलहाल 41 गांव लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही 178 गावों के लिए विकास योजनाओं का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर केंद्रीय आवास शहरी विकास एवं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना समेत अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद थे। दिल्ली सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि गांवों में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 900 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया था, लेकिन उसने खर्च नहीं किया।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 10 साल में देश में एक नई संस्कृति की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की 13 करोड़ माताओं गैस सिलिंडर देकर 1 करोड़ लोगों के घर में पीएनजी पहुंचाई। 14 करोड़ लोगों के घरों में नल से जल पहुंचाया। 14 करोड़ शौचालय बनवाए, 3 करोड़ से अधिक लोगों को घर दिए। आज पूरा देश नए विश्वास के साथ 2047 में पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर बनने के साथ आगे बढ़ रहा है।

- **दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत विकास योजनाओं का शुभारंभ**



- **383 करोड़ की लागत से गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने पर होगा काम : केंद्रीय गृहमंत्री**
- **शाह ने कहा, दिल्ली में दो तरह की सरकार, एक विकास कर रही, दूसरी घोटाले**
- **गांवों तक पीएनजी पहुंचाने के लिए आईजीएल ने बड़ा नेटवर्क तैयार किया : वीके सक्सेना**

उन्होंने कहा कि 383 करोड़ रुपए की लागत से 178 गावों में बेहतर सड़कें, तालाबों का निर्माण, पौधरोपण, जल निकासी, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज पंपिंग स्टेशन, पेयजल सुविधा, ड्रेनेज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पार्क, खेल के मैदान, सामुदायिक भवन, ग्रामीण पुस्तकालय, सोलर स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरे और पशुओं के लिए चरागाहों का निर्माण जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में दो तरह के लोग हैं, एक नरेंद्र मोदी हैं, जो कहते हैं, उसे एक ही टर्म में पूरा करते हैं। एक वो हैं जो दिल्ली में लगातार भ्रष्टाचार कर रहे हैं। दिल्ली ग्रामोदय अभियान का उद्देश्य दिल्ली के शहरीकृत गावों और नए इलाकों में बुनियादी जरूरी इंफ्रास्ट्रेक्चर को मजबूत करना है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इसके लिए 960 करोड़ रुपए का बजट मुहैया कराया है। उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली ग्राम विकास और कल्याण समिति का गठन किया गया है। इससे ग्रामीण विकास को बल मिलेगा। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने 20 करोड़ रुपए की लागत से 100 किमी पाइपलाइन नेटवर्क बिछाकर 41 गांवों में पीएनजी की आपूर्ति आज से शुरू कर दी है। दिल्ली में 15 लाख घरों तक पहुंच चुकी है। इसके लिए 11,000 किमी पाइपलाइन नेटवर्क बिछाया गया है।

AMAR UJALA, Delhi, 12.3.2024
Page No. 2, Size:(5.13)cms X (10.12)cms.

# मोदी ने शुरू की नई कार्य संस्कृति : शाह


## राजधानी के 41 गांवों में पीएनजी सुविधा एवं 178 गांवों में विकास कार्यों का शुभारंभ किया

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में देश में एक नई संस्कृति की शुरूआत की। उन्होंने जो कहा, वो किया और वादों को धरातल पर उतारने का काम किया।

उन्होंने देश की 13 करोड़ महिलाओं को गैस सिलिंडर दिए। एक करोड़ लोगों के घर में पाइप से गैस पहुंचाई। 14 करोड़ लोगों के घरों में नल से जल पहुंचाया। 14 करोड़ शौचालय बनाए, तीन करोड़ से अधिक घर बनाए और 60 करोड़ गरीबों को प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को द्वारका में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए 'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत 383 करोड़ रुपए की लागत से 41 गांवों में पाइप नैचुरल गैस सुविधा और 178 गांवों में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उनके साथ केन्द्रीय आवास और शहरी विकास एवं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और उपराज्यपाल वीके सक्सेना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



*शाह ने कहा कि 10 साल गरीबों के कल्याण और गांवों के विकास के नाम रहे। प्रधानमंत्री ने शहर और गांव के जीवन के बीच का अंतर समाप्त करने के लिए अनेक कदम उठाए और इसके अच्छे नतीजे मिले। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि दिल्ली के 41 गांवों में पाइपलाइन से गैस पहुंचने की शुरुआत हो रही है। इसके साथ ही 178 गांवों के विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत हो रही है।*

DAINIK JAGRAN, Delhi, 12.3.2024
Page No. 5, Size:(17.57)cms X (14.84)cms.

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कांग्रेस के भ्रष्टाचार से लड़ने वाले केजरीवाल उसकी गोद में जाकर बैठ गए

# विलय करें या गठबंधन, रहेंगे शून्य ही : शाह


**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पुराने बयानों, उनकी सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप व कांग्रेस से गठबंधन का जिक्र करते हुए उनपर तीखे प्रहार किए। कहा, केजरीवाल का एनजीओ से मुख्यमंत्री बनने तक की यात्रा वादाखिलाफी, झूठ बोलने, बार-बार झूठ बोलने और भ्रष्टाचार से भरा हुआ है। केजरीवाल कांग्रेस से गठबंधन करें या अपनी पार्टी को उसमें विलय कर दें, आएगा तो मोदी ही। उनके गठबंधन से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि शून्य में शून्य जोड़ने से शून्य ही होता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 व वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी।

शाह ने द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली ग्रामोदय अभियान के अंतर्गत 41 गांवों में पीएनजी सुविधा और 178 शहरीकृत गांवों में 383 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया। आप की सरकार पर भ्रष्टाचार के लगे आरोपों पर शाह ने कहा कि आबकारी घोटाला, सीएम आवास नवीनीकरण घोटाला, जल बोर्ड घोटाला, नकली दवा घोटाला, लैब जांच घोटाला, पैनिक बटन घोटाला, बस खरीद घोटाला सहित कई घोटाले करने वाले अपने को कट्टर ईमानदार बताते हैं। इससे दूसरी और तीसरी कक्षा के शिक्षकों के लिए छात्रों को ईमानदारी की परिभाषा बताने में कठिनाई हो रही है। देश में पहली बार किसी राज्य का शिक्षा मंत्री शराब घोटाले के आरोप में जेल में है। मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जेल में हैं और केजरीवाल सवालों का जवाब देने नहीं जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजनीति में दो तरह के लोग होते हैं। एक जो कहते हैं वो करते हैं और दूसरा, जो कहते हैं उसे कभी पूरा नहीं करते। दिल्ली में दोनों तरह के लोग हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं उसे अपने एक ही कार्यकाल में पूरा करते हैं। दूसरे, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जो कहते हैं उसका उलट करते हैं। अन्ना आंदोलन के समय मंच से कभी राजनीति में नहीं आने की बात करते थे, लेकिन नवंबर, 2012 में अपनी पार्टी बना ली। कभी मुख्यमंत्री नहीं बनने की बात करने वाले तीन बार मुख्यमंत्री बन गए। कभी गाड़ी, बंगला नहीं लेने की बात करने वाले ने मुख्यमंत्री आवास पर बुलडोजर चलाकर आलीशान शीशमहल खड़ा कर दिया।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों में नई संस्कृति की शुरुआत की है। पहले सिर्फ वादे होते थे। न जनता नेताओं से वादों का हिसाब मांगती थी और न नेता बताते थे। मोदी अपने वादों को जमीन पर उतारते हैं। प्रत्येक क्षेत्र में काम हुए हैं। लोग कहते थे कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 नहीं हटाया जा सकता है। मोदी ने इसे हटाया। अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने की लोग कल्पना भी नहीं करते थे। मोदी ने तीन करोड़ गरीबों को घर देने के साथ अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कराया और अब सीएए लागू किया। भाजपा के घोषणा पत्र के वादे पूरा होने से उत्साह का वातावरण है। विश्व समस्याओं के समाधान के लिए मोदी की तरफ देख रहा है। सरकार पर विश्वास बढ़ा है। इसी उत्साह के साथ वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प और भारत माता को विश्वगुरु के स्थान पर विराजमान करना है।

सराहनीय पहल » संपादकीय
संबंधित खबर » जागरण सिटी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह • जागरण

## सरकार की उदासीनता से विकास नहीं हुआ

केंद्रीय पेट्रोलियम और शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कोरोना काल के बाद जहां अन्य देशों में पेट्रोलियम के दाम बढ़े हैं वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास व नीतियों के कारण भारत में इसके दाम में कमी आई है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली सरकार की उदासीनता के कारण गांवों का विकास नहीं हुआ है।

PUNJAB KESARI, Delhi, 12.3.2024
Page No. 4, Size:(38.50)cms X (27.18)cms.

पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में देश में एक नई कार्य संस्कृति की शुरुआत कीः अमित शाह

# शहर और गांव के बीच का अंतर खत्म करने के लिए पीएम मोदी ने उठाए कई कदमः अमित शाह

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के 41 गांवों में अब 24 घंटे रसोई की आपूर्ति हो सकेगी और 178 गावों में विकास की बयार बहेगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के 41 गांवों में पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) सुविधा और 178 गांवों में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में विकास के ये महत्वपूर्ण कार्य दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत 383 करोड़ रुपए की लागत से होंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय आवास और शहरी विकास एवं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि आज दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि दिल्ली के 41 गांवों में पाइपलाइन से गैस पहुंचने की शुरूआत हो रही है। साथ ही 178 गांवों के विभिन्न विकास कार्यों की शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में देश में एक नई संस्कृति की शुरूआत की है। जबकि पहले नेता बहुत सारे वादे करते थे लेकिन न जनता उनका हिसाब मांगती थी और न नेता हिसाब लेकर जनता के सामने जाते थे। पर पीएम मोदी ने जो कहा वो किया और वादों को धरातल पर उतारने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की 13 करोड़ माताओं को गैस सिलिंडर दिए, एक करोड़ लोगों के घर में पाइप्ड गैस पहुंचाई, 14 करोड़ लोगों के घरों में नल से जल पहुंचाया, 14 करोड़ शौचालय बनाए, तीन करोड़ से अधिक घर बनाए और 60 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया। शाह ने कहा कि ये 10 साल गरीबों के कल्याण और गावों के विकास के 10 साल रहे।

**अमित शाह ने 41 गांवों में पीएनजी सुविधा व 178 गांवों में विकास कार्यों का शुभारंभ किया**

**पीएम मोदी नई शिक्षा नीति से एआई और सौर ऊर्जा से पीएनजी तक का सपना पूरा करने का काम किया**

**पूरा देश नए विश्वास के साथ 2047 में पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में साथ आगे बढ़ रहा**



उद्घाटन करते गृह मंत्री अमित शाह साथ में हरदीप पुरी व वीके सक्सेना।

## सीएए लाकर पीएम मोदी ने देश में आशा का वातावरण बनाया

अमित शाह ने कहा कि ट्रिपल तलाक समाप्त करके व सीएए लाकर पीएम ने हर वादे को पूरा कर देश में आशा और उमंग का वातावरण बनाया है और इसी कारण आज पूरा देश नए विश्वास के साथ 2047 में पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर बनने के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

## आप-कांग्रेस का गठबंधन सफल नहीं होगाः अमित शाह

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 400 से अधिक सीट के साथ सत्ता में लौटेंगे। डीडीए द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने दावा किया कि राजनीति में दो तरह के लोग होते है, एक वे जो जैसा कहते हैं, उसे पूरा करते है और दूसरे जो इसके विपरीत करते है। दोनों प्रकार के लोग दिल्ली में मौजूद हैं। एक तरफ नरेन्द्र मोदी है और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल है, जिन्होंने (केजरीवाल) जो कहा, वैसा कुछ नहीं किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए आप और कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला और दावा किया कि उनका गठबंधन सफल नहीं होगा। शाह ने आप पर हमला करते हुए कहा कि आप कांग्रेस की गोद में बैठ गए, वही पार्टी जिस पर आपने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। आप कांग्रेस के भ्रष्टाचार को स्वीकार कर रहे हैं। आप गठबंधन बना सकते हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी 400 से अधिक सीट के साथ सत्ता में लौटेंगे।

HINDUSTAN, Delhi, 12.3.2024
Page No. 5, Size:(15.00)cms X (10.37)cms.

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया

# राजधानी के 41 गांवों में पीएनजी शुरू

**अच्छी खबर**

- 10 साल में केंद्र सरकार के कामकाज और उपलब्धियों को गिनाते हुए विपक्ष पर निशाना साधा

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली के 41 गांवों में पीएनजी गैस कनेक्शन की शुरुआत हो गई है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत पीएनजी गैस कनेक्शन और 178 गांवों में कई विकास कार्यों का सोमवार को उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को पीएनजी कनेक्शन के शुरू होने पर बधाई भी दी। पीएनजी गैस कनेक्शन और विभिन्न विकास परियोजनाओं पर 383 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस दौरान केंद्रीय आवास और शहरी विकास एवं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी व दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने 10 वर्ष में केंद्र सरकार के कामकाज और उपलब्धियों का ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास जीवन स्तर को सुधारने के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन इस रुपये का कोई उपयोग नहीं होता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में देश में एक नई संस्कृति की शुरुआत की है। पहले नेता बहुत सारे वादे करते थे। न जनता उनका हिसाब मांगती थी और न नेता हिसाब लेकर जनता के सामने जाते थे।

**प्रधानमंत्री ने जो कहा, वो किया :** गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा, वो किया और वादों को धरातल पर उतारने का काम किया। उन्होंने देश की 13 करोड़ माताओं को गैस सिलेंडर दिए, एक करोड़ लोगों के घर में पाइप्ड गैस पहुंचाई, 14 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया और 14 करोड़ शौचालय बनवाए। वहीं, तीन करोड़ से अधिक घर बनाए और 60 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलो अनाज मुफ्त दिया। शहर और गांव के जीवन के बीच का अंतर समाप्त करने के लिए अनेक कदम उठाए और इसके अच्छे नतीजे मिले। प्रधानमंत्री ने लद्दाख से लक्षद्वीप, कामाख्या से द्वारका, किसान से विज्ञान, नई शिक्षा नीति से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सौर ऊर्जा से पीएनजी तक भारत के नागरिकों का हर सपना पूरा करने का काम किया है।



नई दिल्ली में सोमवार को 'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत लाभार्थी को पीएनजी कार्ड प्रदान करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह। साथ में उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

**डीडीए को 960 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए :** दिल्ली ग्रामोदय अभियान के जरिए राजधानी के शहरीकृत गांवों और नए शहरी इलाकों में जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर का सृजन और विकास सुनिश्चित करना है। इसके लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 960 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। इस अभियान के तहत गांवों की सड़कों, नालों, फुटपाथों और केंद्रीय मार्गों का निर्माण और सुधार कार्य होगा। साथ ही, यहां पर बागवानी कार्य और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी), सीवेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएसएस), वर्षा जल संचयन का प्रावधान, तालाबों और जलाशयों का विकास और रखरखाव, पार्कों का विकास, खेल के मैदान और खेल सुविधाओं, ग्राम पुस्तकालय, सामुदायिक हॉल का निर्माण और मवेशियों की देखभाल जैसे काम किए जा रहे हैं।

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने 20 करोड़ रुपये की लागत से 41 गांवों में 100 किमी पाइपलाइन नेटवर्क तैयार किया है, जिसके जरिए इन गांवों में पीएनजी गैस कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई है। दिल्ली में आईजीएल 15 लाख घरों तक पहुंच चुका है। इसके लिए 11 हजार किमी पाइपलाइन नेटवर्क बिछाया गया है। आईजीएल ने सभी शहरी क्षेत्रों को कवर कर लिया है और अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने नेटवर्क का विस्तार कर रही है।

JANSATTA, Delhi, 12.3.2024
Page No. 17, Size:(6.55)cms X (8.27)cms.


### शाह का आप और कांग्रेस पर तंज

# वे गठबंधन करें या विलय, हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 मार्च।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन पर तंज किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस- आप गठबंधन करें या विलय कर लेंगे। इसका आगामी लोकसभा चुनाव में कोई असर नहीं होगा क्योंकि शून्य से शून्य को जोड़ने पर केवल शून्य ही मिलता है। वे दिल्ली में ग्रामोदय अभियान के तहत प्राकृतिक गैस (पीएनजी) सेवा और गांवों के लिए शुरू किए गए विकास कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

अमित शाह ने कहा कि राजनीति में दो प्रकार के लोग होते हैं, पहले, जो कहते हैं वो करते हैं। दूसरे, जो कहते हैं उससे बिल्कुल उल्टा करते हैं। दिल्ली में ही दोनों प्रकार के लोग हैं, एक नरेंद्र मोदी हैं जो वे कहते हैं वो एक ही टर्म में पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि एक वो हैं जो दिल्ली में लगातार भ्रष्टाचार कर रहे हैं। उनका निशाना दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ था।



**दिल्ली में 41 गांवों के लिए शुरू की पीएनजी सेवा, उपराज्यपाल भी रहे मौजूद।**

शाह ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड का 78,000 करोड़ का घोटाला, 125 करोड़ का बंगला और 9 करोड़ का शीशमहल की रिपेयरिंग का घोटाला, क्लासरूम घोटाला, मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर घोटाला, सार्वजनिक वाहनों में लगने वाले पैनिक बटन में घोटाला, बस खरीदी में घोटाला और वे (मुख्यमंत्री) कहते हैं कि वे कट्टर इमानदार हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल का सफर एनजीओ से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक का केवल झूठ बोलने के आधार पर टिका है और इसमें भ्रष्टाचार भरा है। इस अवसर मंत्री हरदीप सिंह पुरी और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।